यह तो सिंहस्थ का ट्रेलर है पिक्चर अभी बाकी है, 8 ब्रिज का भूमि पूजन है लोकार्पण अभी बाकी है

शायराना अंदाज में बोले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, निर्माण कार्यों का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास, कालिदास अकादमी में हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

उज्जैन. यह तो अभी झांकी है पूरी पिक्चर अभी बाकी है, सिंहस्थ के भूमि पूजन का यह ट्रेलर है, लोकार्पण अभी बाकी है. यह बात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शायराना अंदाज में रविवार को कालिदास अकादमी में कही.

दरअसल मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कालिदास अकादमी में 155 करोड रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया, जिसमें पीडब्ल्यूडी की सेतु निगम विंग 8 ब्रिज शहर में बनाएगी, वही दो सड़के भी बनाई जाएगी.

मैं भी तो देखूँ जरा कहां कितने पुल

रविवार को कालिदास अकादमी में भूमि पूजन किए जाने के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि 155 करोड रुपए की लागत से जो सिंहस्थ की सौगात दी जाना है, उनमें 8 पुल बनेंगे, मैं भी तो देखूं जरा कहां-कहां कितने-कितने पुल बनेंगे, और कौन से सड़के बनाई जाना है, ये एक पूरा सर्किल तैयार हो जाएगा जो कि मोक्षदायिनी माँ क्षिप्रा के आसपास आवाजाही के लिए श्रद्धालुओं की सुलभता के लिए कनेक्टिविटी करेगा.

मुख्यमंत्री ने गिनाए पुल, बताई उपलब्धि

40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु महाकाल की नगरी उज्जैन में महाकुंभ के दौरान आएंगे, ऐसे में साधु संतों के पड़ाव क्षेत्र तक आने-जाने के लिए अतिथियों को दुविधा ना हो ऐसे में जो पुल बनाए जाने हैं,उनमें हरी फाटक से रिंग रोड, इंदौर रोड, भैरवगढ़ पर शिप्रा नदी पर समानअंतर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण होगा. साथ ही मंगलनाथ कमेड रोड पर मौजूदा पुल के समानांतर मंदिर के पीछे पुल का निर्माण होगा. पिपली नाका से भैरवगढ़ मार्ग तक शिप्रा नदी पर पूर्व से जो पुल निर्मित है, उसके समानांतर टू लेन नया पुल बनाया जाएगा. नरसिंह घाट पर पूर्व से पुल निर्मित है, उसके समानांतर नया पुल बनाया जाएगा. वहीं भैरवगढ़ चौराहे से सिद्धवट-अंगारेश्वर महादेव मंदिर मार्ग में शिप्रा नदी पर पुल का निर्माण होगा. तपोभूमि से हामू खेड़ी मार्ग में शिप्रा नदी पर पुल का निर्माण होगा, कर्कराज पार्किंग से भूखी माता लालपुर पहुंच मार्ग पर शिप्रा नदी पर नवीन फोरलेन पुल बनाया जाएगा. वहीं केडी गेट, दुर्गादास की छत्री से गोंसा दरवाजा होते हुए शिप्रा नदी पर नवीन फोरलेन पुल का निर्माण होगा. यह फेहरिस्त मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गिनाई.

2 सड़कें भी बनेगी

महामृत्युंजय द्वारा से नानाखेड़ा बस स्टैंड मार्ग और मकोडिया आम से सान्दीपनि आश्रम तक दो सड़के भी बनाई जाएगी. कुल मिलाकर 155 करोड़ रुपए की यह सौगात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा दी गई है जो सिंहस्थ के पहले प्राप्त हो जाएगी.

अध्यक्ष ने जमीनी कार्यकर्ताओं से किया संवाद



भोपाल, 23 अगस्त. भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पदभार ग्रहण करते ही संगठन को मजबूत करने और उपेक्षित कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की दिशा में कदम उठा लिए हैं.

वह प्रदेश के जिलों में पहुंचकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर रहे हैं और उनके साथ भोजन कर संगठन की भावनात्मक एकजुटता को बढ़ा रहे हैं. प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने अपने गृह जिले बैतूल से इस 'भोजन पर चर्चा' अभियान की शुरुआत की है. आगामी तीन माह में वे प्रदेश के सभी 62 संगठनात्मक जिलों का दौरा करेंगे. इससे पहले वे ग्वालियर, जबलपुर और रीवा संभाग की बैठकें कर चुके हैं. संगठन के वरिष्ठ नेताओं से लगातार संपर्क और मार्गदर्शन लेते हुए खंडेलवाल ने शिवराज सिंह चौहान, उमा भारती, कप्तान सिंह सोलंकी और गौरीशंकर शेजवार से भेंट की है.



उधर, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल भी इंदौर और रायसेन में पुराने व उपेक्षित कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं. माना जा रहा है कि इस सक्रियता के चलते आगामी कार्यकारिणियों में पुराने नेताओं को फिर से जगह मिल सकती है. साथ ही, यह अभियान निकाय, पंचायत और सहकारिता चुनाव की तैयारी का भी आधार बनेगा.

विकास के साथ संस्कृति, संस्कार धर्म-आध्यात्म आवश्यक : शुक्ल

भोपाल, 3 अगस्त. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि विकास के साथ संस्कृति, संस्कार, धर्म और आध्यात्म आवश्यक है. भारतीय संस्कृति और सनातन को साथ लेकर चलने से ही आने वाली पीढ़ी के लिए विकास वरदान साबित होगा.

उप मुख्यमंत्री शुक्ल कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम रीवा में एडीए इंपैक्ट फाउंडेशन के भारतीय संस्कृति उत्थान कार्यक्रम में शामिल हुए. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि एडीए इंपैक्ट फाउंडेशन ने फैशन उद्योग के माध्यम से सामाजिक जागरूकता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का उल्लेखनीय प्रयास किया है. फैशन शो में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी और पारंपरिक भारतीय बुनाई कला, पुनर्नवीनीकरण सामग्री के उपयोग और पर्यावरण चेतना को सशक्त करने के संदेश देने वाले वस्त्र शामिल किए गए हैं, जो प्रशंसनीय हैं.

उन्होंने सामाजिक परिवर्तन की ओर फैशन के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने युवाओं को रचनात्मक कार्यों के लिए एकजुट होकर कार्य करने के लिए बधाई देते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामना दी.

मालेगांव विस्फोट मामले से बरी होकर भोपाल पहुंचीं प्रज्ञा

स्वागत में ढोल-नगाड़े और आतिशबाजी, राजनीति में वापसी को लेकर दिया बयान

भोपाल, 3 अगस्त. मालेगांव बम विस्फोट मामले में विशेष एनआईए कोर्ट से बरी होने के बाद भोपाल की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर शनिवार को पहली बार भोपाल पहुंचीं. शहर में उनके निवास पर समर्थकों और हिंदू संगठनों द्वारा ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया. बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व संगठन पदाधिकारी इस अवसर पर मौजूद रहे.

मीडिया से चर्चा में साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि न्यायपालिका ने सत्य को स्वीकार किया है और यह निर्णय उनके 17 वर्षों के संघर्ष और पीड़ा का प्रमाण है. उन्होंने दावा किया कि उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया था और जांच के दौरान उन्हें अमानवीय यातनाएं दी गईं.

जांच एजेंसियों पर लगाए गंभीर आरोप

साध्वी प्रज्ञा ने जांच प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि उनसे झूठ कबूल करवाने का प्रयास किया गया और मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना दी गई. उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक शक्तियों ने उन्हें और अन्य निर्दोषों को षड्यंत्र के तहत फंसाया, ताकि एक खास समुदाय को खुश किया जा सके. उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कोई रंग या धर्म नहीं होना चाहिए, लेकिन राजनीतिक फायदे के लिए धार्मिक पहचान के आधार पर शब्द गढ़े गए, जो देश की एकता के लिए घातक हैं. उन्होंने हिंदू आतंकवाद शब्द को राजनीतिक साजिश बताया और कहा कि यह शब्द भारत की सांस्कृतिक मूल भावना के खिलाफ है.

राष्ट्रनीति की बात, राजनीति से दूरी का संकेत

राजनीति में दोबारा सक्रिय होने के सवाल पर साध्वी प्रज्ञा ने स्पष्ट कहा कि वे राजनीति नहीं, राष्ट्रनीति करती हैं. उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य समाज, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा करना है, सत्ता की राजनीति नहीं करना है. उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखते हैं जबकि राष्ट्रभक्तों को निशाना बनाते हैं. कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इस पार्टी की नीतियां हिंदू समाज को कमजोर करने की दिशा में रही हैं.

गुना में लकड़ी तस्करों का दुस्साहस, वन विभाग की टीम पर हमला

गुना. जिले के मक्सूदनगढ़ क्षेत्र में खेरड़ा गांव के पास रविवार को लकड़ी तस्करों ने वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया. विभाग को मुखबिर से पार्वती नदी किनारे अवैध कटाई की सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची. वहां आमना-सामना होते ही तस्कर घबरा गए और उन्होंने अचानक टीम पर पथराव शुरू कर दिया. हमले में वन विभाग की गाड़ी के शीशे टूट गए और वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है. हमले के बाद तस्कर मौके से भाग निकले. गनीमत रही कि किसी वनकर्मी को गंभीर चोट नहीं आई. फिलहाल विभाग ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7390/60